समाचार वाणी
ख़बर जो करें असर !

नाशिक | Wednesday, 23 September 2026

# इंग्लैडं की पिच पर रविंद्र जडेजा से नाराज ग्रेग चैपल, बोले – टॉप 6 बल्लेबाज रन नहीं बना रहे तो टीम मे क्यों है ऑलराउंडर ?

Publisher

Published on 01 Jul 2025




## भारतीय टीम के पूर्व कोच ग्रेग चैपल ने इंग्लैडं दौरे पर रविंद्र जडेजा को मुख्य स्पिनर के रूप मे शामिल करने पर सवाल खड़े किए है। उन्होंने चयनकर्ताओं को चेतावनी दी है कि अगर टीम इंडिया को वापसी करनी है तो 20 विकेट लेने वाले गेदंबाजों को मैदान पर उतारना होगा।

**Ind vs Eng:** टीम इंडिया को **लीड्स टेस्ट** में हार का सामना करना पड़ा, जिसमें **रविंद्र जडेजा** मुख्य स्पिनर के रूप में खेले थे, लेकिन उनकी गेंदबाजी का कोई खास प्रभाव नहीं दिखा। इसको लेकर भारत के पूर्व कोच **ग्रेग चैपल** ने टीम चयन को लेकर कड़ी प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने कहा कि **इंग्लैडं की परिस्थितियों मे जंडेजा को मुख्य स्पिनर बनाना एक बड़ी गलती है**।

**ग्रेग चैपल** ने  एक लेख में कहा है कि अगर जडेजा को उनकी बल्लेबाजी के लिए टीम में रखा जा रहा है तो उन्हें सहायक स्पिनर की भूमिका देनी चाहिए, मुख्य गेंदबाज नहीं बनाना चाहिए। भारत को अगर सीरीज में वापसी करनी है, तो टीम का संतुलन जरूरी है।

**चैपल का चयनकर्ताओं पर सीधा हमला**

ग्रेग चैपल ने अपनी नाराजगी जाहिर करते हुए कहा, “अगर आपके टॉप 6 बल्लेबाज रन नहीं बना रहे तो इसका इलाज ऑलराउंडरों को टीम में भरना नहीं है। गेंदबाजी ऐसी होनी चाहिए जो 20 विकेट लेने में सक्षम हो।”

उन्होंने टीम इंडिया के चयनकर्ताओं को चेतावनी देते हुए कहा कि अब वक्त है **धारदार फैसले लेने का**। अगर खिलाड़ी जोखिम उठाने को तैयार हैं तो चयनकर्ताओं को भी साहस दिखाना होगा।

**नितीश रेड्डी को मिल सकता है मौका**

भारत के सहायक कोच **रायन टेन डोइशेटे** ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में संकेत दिए हैं कि **नितीश कुमार रेड्डी** को दू**सरे टेस्ट मे डेब्यू** का मौका मिल सकता है। भारत और इंग्लैंड के बीच दूसरा टेस्ट मैच 2 जुलाई से **बर्मिंघम के एजबेस्टन स्टेडियम** में खेला जाएगा। भारत ने पहला टेस्ट मैच 5 विकेट से गंवा दिया था।

अब **कप्तान शुभमन गिल** और **टीम मैनेजमेटं** के सामने टीम को बैलेंस और जीत दिलाने की बड़ी चुनौती है।

ऐसी ही देश और दुनिया की बड़ी खबरों के लिए फॉलो करें: www.samacharwani.com

---

DISCLAIMER: the views/contents expressed/presented herein, within this advertorial and promotional feature are the sole and exclusive responsibility of individual clients/expert/their authorised representative/Publisher, to which effect, publication house/its representative/affiliates are not responsible/liable whatsover.